प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा को वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में सबसे अधिक ऋण संस्वीकृति और ऋण संवितरण करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एनबीएफसी के लिए सम्मानित किया गया

केंद्रीय राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इरेडा के सीएमडी को यह पुरस्कार प्रदान किया

कोच्चि, 27 अगस्त, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) को वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसीज ऑफ स्टेट्स (एआरईएएस) से यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। माननीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा और रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री भगवंत खुबा ने इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी),श्री प्रदीप कुमार दास को आज माननीय केरल के विद्युत मंत्री के. कृष्णकुट्टी और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के सचिव, श्री इंदु शेखर चतुर्वेदी की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किया।

इरेडा को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के बीच वर्ष 2021-22 के दौरान अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए संस्वीकृत और संवितरित ऋण की सर्वाधिक राशि के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयन किया

गया है। इरेडा ने पिछले वर्ष की मंजूरी 11,001.30 करोड़ रुपए की तुलना में 117.44% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 23,921.06 करोड़ रुपए अब तक का सबसे अधिक ऋण स्वीकृत किया है तथा पिछले वर्ष के संवितरण 8,828.35 करोड़ रुपए की तुलना में 82.04% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 16,070.82 करोड़ रुपए अब तक का सर्वाधिक ऋण संवितरण किया है।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद अपने स्वीकार संबोधन में, इरेडा के सीएमडी ने कहा कि, "हम अपने कर्मचारियों के निरंतर प्रयासों के साथ-साथ एमएनआरई और भारत सरकार के मार्गदर्शन और समर्थन के बिना इन शानदार ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच पाते। इस पुरस्कार के लिए इरेडा पर विचार करने के लिए एमएनआरई और एआरईएएस के हम आभारी हैं। वर्ष 2030 तक आरई से 50% ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य और अन्य एजेंसियों की भूमिका, जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है।"

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की पहल पर वर्ष 2014 के दौरान एसोसिएशन ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसीज (एआरईएएस) अस्तित्व में आया। अक्षय ऊर्जा के लिए सभी राज्य नोडल एजेंसियां एआरईएएस के सदस्य हैं। एआरईएएस के 8वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर यह पुरस्कार प्रदान किए गए।